पत्र संख्या –स्था0अराज0 / ई0आई0एम0एस / 2020–21 / / 4025 / / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ::दिनांक: 20 जनवरी,2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

....

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 3770 दिनांक 07.01.2021, पत्र संख्या 2819 दिनांक 19.11.2020 एवं पत्र संख्या 2636 दिनांक 05.11.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की सूचना ई0आई0एम0एस0 पर अपडेट करते हुये, जोन स्तर से सूचना संकलित करतें हुये मुख्यालय प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के ई0आई0एम0एस0 के अपडेशन एवं कर्मचारियों की वार्षिक प्रविष्टि की इण्ट्री का कार्य कमिश्नर महोदया के निर्देशों में किया जा रहा है। मुख्यालय से ई0आई0एम0एस0 अपडेशन एवं कर्मचारियों की ए0सी0आर0 की इण्ट्री पूर्ण कराने हेतु तीन पत्र जारी किये जा चुके है परन्तु कतिपय जोनो से सूचना प्राप्त हुई है। पूर्णरुप से सूचना प्राप्त न होने के कारण ई0आई0एम0एस0 के अपडेशन एवं ए0सी0आर0 की इण्ट्री का कार्य पूर्ण नहीं कराया जा पा रहा है। जोनस्तर पर उक्त कार्य की प्रगति चिन्तनीय है।

अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 30.01.2021 तक अपने अधीनस्थ कार्यालयों की सूचना संकलित कर मुख्यालय प्रेषित करवाने का कष्ट करें अन्यथा उक्त तिथि तक प्राप्त सूचनाओं को कमिश्नर महोदया के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर ,वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ।
2. डिप्टी कमिश्नर (आई०टी०) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करेन हेतु प्रेषित।

19/01/2021

(पी०एन०यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर(स्था०अराज०)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।